प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 05.03.2023

चोरी की मोटर साइकिल व अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार (थाना लीलापुर)-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में जनपद प्रतापगढ मे हुई अपराधिक वारदातो के अनावरण व सक्रिय अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही के अभियान के अन्तर्गत जनपद पुलिस द्वारा लगातार सूचना संकलन व सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे आज दिनांक 05.03.2023 की जनपद के थाना लीलापुर के उ0नि0 श्री शत्रुघन वर्मा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के भुवालपुर डोमीपुर प्रा0वि के पास से 01 व्यक्ति को चोरी की एक अदद एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल जिस पर गलत नम्बर अंकित व एक अदद 315 बोर अवैध तमन्चा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि यह मोटर साइकिल उसने थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के भगवा चुंगी से चोरी की थी। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लीलापुर में अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 64/23 धारा 411, 420, 465, भादवि व 3/25 आम्र्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सूरज सिंह पुत्र लल्लू सिंह नि0ग्राम लोका का पुरवा पूरे खुशई थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ ।

बरामदगी-

01- चोरी की 01 अदद एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल जिस पर गलत नम्बर अंकित।
02- एक अदद 315 बोर अवैध तमन्चा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

पुलिस टीम- उ0नि0 श्री शत्रुघन वर्मा मय हमराह थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़।

20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद (थाना संग्रामगढ़)

कल दिनांक 04.03.2023 को जनपद के थाना संग्रामगढ़ से उ0नि0 श्री हरेन्द्र सिंह व उ0नि0 श्री देवीदयाल कश्यप् मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद चेक पोस्ट से लवाना रोड़ के पास से एक व्यक्ति प्रभु पासी पुत्र योद्धा नि0ग्राम जहानाबाद थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 50/2023 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।